प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 27.03.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मिर्जापुर में 5 सौ करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा– आस्था से अर्थव्यवस्था के मंत्र से होगी मिर्जापुर की तरक्की।
2. मुख्यमंत्री ने आज लखनऊ में 283 चिकित्सा अधिकारियों और कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायकों को सौंपे नियुक्ति पत्र : कहा– ईमानदारी से काम कर प्रदेश को अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने में करं योगदान।
3. प्रदेश भर में कल अदा की जायेगी अलविदा की नमाज : सुरक्षा के किये गये पुख्ता इंतजाम, सोशल मीडिया पर माहौल बिगाड़ने वालों पर रहेगी पुलिस की नजर।

और

4. प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में तेज़ गर्मी से लोग परेशान : मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो से तीन दिनों में पछुआ हवाएं दिलायेंगी राहत।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मिर्जापुर में 5 सौ करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बीते 8 वर्षों में सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। कार्यक्रम

में केन्द्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल मौजूद रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि मां विंध्यवासिनी कॉरिडोर बनने के बाद मिर्जापुर में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में कई गुना की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि आस्था से अर्थव्यवस्था के मंत्र से ही मिर्जापुर की आर्थिक तरक्की का रास्ता निकलेगा। बाइट.....

*आस्था भी आर्थिकी का और आजीविका का आधार बन सकती है या महाकुंभ ने इसका मार्ग प्रशस्त किया और मैं आपको बधाई देता हूँ माँ विन्दुवासिनी का ये कॉरिडोर विकसित होने के बाद लाखों लाख श्रद्धालु आ रहा है और श्रद्धा भाव के साथ दर्शन करके आप सब के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए यहाँ मिर्जापुर की धरती से जाता हूँ।*

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों का प्रमाण पत्र वितरित किये। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने मां विन्ध्यवासिनी धाम में दर्शन पूजन भी किया।

————————

प्रदेश में जारी विकास उत्सव के अंतिम दिन आज प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डॉ0 संजय निषाद ने गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए पिछले 8 वर्षो में अभूतपूर्व काम हुआ है। प्रदेश के राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने अमेठी के गौरीगंज में आयोजित मेले का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और दिव्यांगजनों को ट्राई

साइकिल बांटी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने बीते 8 वर्षों में समाज के हर वर्ग के विकास के लिए काम किया है। वाराणसी में प्रदेश के राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल ने सरकार की 8 वर्ष की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार पूरी पारदर्शिता से विकास के कार्यों को आगे बढ़ा रही है।

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में आयुष विभाग और गृह विभाग के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 283 चिकित्सा अधिकारियों और कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने चयनित अभ्यर्थियों से अपील की कि वे पूरी तत्परता और पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें जिससे प्रदेश, देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्यटन में अपनी मज़बूत पहचान बना चुका उत्तर प्रदेश अब हेल्थ टूरिज्म का केंद्र भी बनेगा। बाइट.....

*आज आयुष के क्षेत्र में बहुत संभावनाएं है और मैं बार बार कहता हूँ ये हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर जो बनाए जा रहे हैं जो प्रधानमंत्री जी की एक परिकल्पना है हर गाँव को आरोग्यता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर हमारे आयुष के सेंटर आयुर्वेद हॉस्पिटल और जो हमारे अन्य आयुष के। जो कॉलेज है यूनिवर्सिटीज हैं ये संस्थान अपने आप*

*में हेल्थ टूरिज्म के नए अड्डे बन सकते हैं याद रखना उत्तर प्रदेश में इसके लिए व्यापक संभावना है इतना पर्याप्त जल संसाधन इससे अच्छी उर्वरा भूमि दुनिया के अंदर कहीं नहीं मिलने वाली और आयुष के लिए ये शुद्ध वातावरण सबसे अनुकूल वातावरण माना जाता है।*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल विधान भवन में विकसित भारत युवा संसद–2025 का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और विधान परिषद अध्यक्ष कुंवर मानवेंद्र सिंह भी मौजूद रहेंगे। युवाओं को नीति निर्माण में भागीदारी देने और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त बनाने के लिए यह दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा है।

———————

परिवहन विभाग प्रदेश के सभी जनपदों में 1 से 30 अप्रैल तक अवैध ई–रिक्शा और ऑटो चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलायेगा। प्रदेश के परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने सभी पुलिस आयुक्त, जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को इस संबंध में पत्र लिखा है। परिवहन आयुक्त ने अभियान को लेकर आज विभागीय अधिकारियों के साथ एक बैठक भी की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को अभियान की नियमित मॉनिटरिंग करने और कार्रवाई की रिपोर्ट हर शुक्रवार को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए हैं।

———————

प्रदेश भर में ईद को लेकर तैयारियां तेज़ हो गई हैं। ईद उल फित्र से पहले रमज़ान के आखरी जुमे पर कल अलविदा की नमाज़ अदा की जाएगी। लखनऊ स्थित ऐशबाग ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फ़रंगी महली ने अलविदा की नमाज़ में देश में अमन और आपसी भाईचारे की दुआ करने की अपील की है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने अलविदा की नमाज़ को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*पुलिस महानिदेशक ने अलविदा की नमाज़ के दौरान सीसी टीवी और ड्रोन कैमरों से निगरानी के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संवेदनशील इलाकों को चिन्हित कर ज़ोन और सेक्टर स्कीम के तहत निगरानी रखने को कहा है। साथ ही अलविदा या ईद पर किसी नई परम्परा की अनुमति न देने के निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने अधिकारियों को पुलिस, पीएसी व केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च करने के निर्देश भी दिए हैं। साथ ही सोशल मीडिया के ज़रिए माहौल बिगाड़ने वालों पर भी तत्काल कारवाई सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने अलविदा जुमे की नमाज़ को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए शांति समितियों, धर्म गुरुओं और नागरिक सुरक्षा संगठनों से सहयोग लेने के भी निर्देश दिए हैं। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

———————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0

पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

प्रदेश सरकार 29 मार्च को सभी जनपदों में विश्व टीबी दिवस कार्यक्रम का आयोजन करेगी। राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ शैलेंद्र भटनागर ने बताया कि 24 मार्च को सभी जिला क्षय रोग अधिकारियों और् शासन स्तर के अधिकारियों द्वारा दिल्ली में हुए कार्यक्रम में शामिल होने के कारण ऐसा निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया जाएगा। बाइट.....

*चौबिस मार्च दो हज़ार पच्चीस को भारत सरकार ने नई दिल्ली में विश्व क्षय रोग दिवस मनाया था। इसमें सभी जिला क्षयरोग अधिकारियों और शासन को भी आमंत्रित किया गया था। इस कारण से चौबिस मार्च को जनपद स्तर पर विश्व क्षय रोग दिवस का समारोह करना संभव नहीं था। तो इसलिए महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य प्रदेश ने यह पत्र जारी करके सभी जनपदों को कहा था कि आप उनतीस मार्च को अपने यहां विश्व क्षय रोग दिवस का समारोह कर लें जिसमें जो हमारी पंचायतें टीबी मुक्त हुई हैं, उनके माननीय प्रधानों को सम्मानित किया जाता है।*

—————————

प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कहा है कि वेव्स कार्यक्रम विश्वभर में तकनीक से जुड लोगों को एक ही मंच पर मीडिया और मनोरंजन

उद्योग में शामिल होने का अवसर प्रदान करेगा। श्री द्विवेदी ने आज मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री इसका उद्घाटन करेंगे और वे सीईओ गोल मेज बैठक के प्रमुख भी होंगे।

———————

प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में तेज़ गर्मी लागों को परेशान कर रही है। प्रयागराज में पारा 41 डिग्री सेल्सियस, जबकि झांसी और लखनऊ में तापमान 40 डिग्री के करीब पहुंच गया है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि अगले दो से तीन दिनों में पछुआ हवाएं चलने से तापमान में गिरावट आने के कारण गर्मी से कुछ राहत मिलेगी। बाइट.....

*कल जैसे की हवा का चलन तो रहेगा लेकिन ये हवा जो पूरे वेस्टरली थी धीरे धीरे नॉर्थ वेस्टली हो जाएगा। जिसकी वजह से तापमान में कल से गिरावट होना शुरू हो जाएगा। तो कल और परसों में जो तापमान इधर बढ़ चुके थे कल और परसों में तापमान फिर से तीन से चार चार डिग्री गिरकर अपने सामान की तरफ आ जाएगा। तो आने वाले दो तीन दिनों में तापमान फिर तो नॉर्मल आ जाएगा। हालांकि दिन में डस्ट रेजिंग विंड रहेगा। तो कहीं ना कहीं जो खुला स्थान है वहां पर हल्की हल्की धूल वाली हवाएं आपको दिखाई दे सकती है।*

———————

भारतीय खेल प्राधिकरण– साई के क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ के खिलाडियों ने दिल्ली में हुए खेलो इंडिया पैरा–गेम्स 2025 में पैरा–पॉवरलिफ्टिंग में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। लखनऊ की टीम ने एक स्वर्ण और तीन रजत सहित कुल

4 पदक प्रतियोगिता में हासिल किय। लखनऊ के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी, आत्म प्रकाश ने अच्छे प्रदर्शन के लिये टीम को बधाई दी है।

—————————

इंडियन प्रीमियर लीग में आज सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा। यह मैच हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। हैदराबाद की टीम ने इस सीजन का आगाज़ जीत के साथ किया था, जबकि लखनऊ टीम को अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था।

(समाप्त)